(५)

# 85 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को 85 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 43480, काम्पेक्टर सूखा कचरा 21535, काम्पेक्टर गीला कचरा 19020, मैजिक से 1345 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया
28/8/21

(10)

# 12494 मवेशियों को पकड़कर नगर के बाहर की गौशालाओं में भेजा

प्रसारण न्यूज • रतलाम

28 8 21

नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 26 अगस्त तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 1294 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 26 अगस्त को अलकापुरी चौराहा व राम मंदिर क्षेत्र से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा पकड़ा गया।

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहूचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान हैं। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/- वसूल करेगा स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

प्रसारण 28/8/21

# 12494 मवेशियों को पकड़कर नगर के बाहर की गौशालाओं में

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 26 अगस्त तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 1294 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 26 अगस्त को अलकापुरी चौराहा व राम मंदिर क्षेत्र से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा पकड़ा गया। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी। नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहूचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान हैं। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/- वसूल करेगा स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

इन्दौर समाचार

28/8/21

15

स्वास्थ्य विभाग से गठित टीम लगातार दे रही घरों में दस्तक लेकिन नहीं बदल रहे हालात

# डेंगू: शहर के बाद, गांव में पसार रहा पैर

पत्रिका 28/8/21
ग्राउंड रिपोर्ट



**रतलाम.** जिले में डेंगू का दंश अब बढ़ता जा रहा है। शहर के बाद अब इसके मरीज ग्रामीण क्षेत्रों से भी निकल कर सामने आ रहे हैं। जिन घरों में डेंगू के मरीज मिले हैं उन घरों में उपयोग के लिए एकत्र किए गए पानी में स्वास्थ्य विभाग की टीम को डेंगू का लार्वा भी मिला है। ऐसे में मौके पर पहुंची टीमों के द्वारा उक्त पानी को सड़क और नालियों में बहाया जा रहा है जिससे कि घर में मच्छर न पनप सके।

प्रदेश के चुनिंदा शहरों में जिस तरह से रतलाम में कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ने लगे थे, उसी गति से अब डेंगू के मामले भी बढ़ते नजर आ रहे हैं। वर्तमान में डेंगू पॉजिटिव केस की संख्या रतलाम जिले में 180 के करीब पहुंच गई है। फिलहाल राहत की बात यह है कि इतने मरीज मिलने के बाद भी यहां पर किसी मरीज की इस बीमारी से मौत नहीं हुई है।

डेंगू के बढ़ते मामलों को देख मलेरिया विभाग अब इस बात की पड़ताल कर रहा है कि किस तरह के लोगों में अब तक डेंगू मिला है। दरअसल खासतौर पर इस बात पर नजर रखी जा रही है कि पोस्ट कोविड के जो मरीज मिल रहे हैं, कहीं उनमें तो यह तेजी से नहीं फैल रहा है। मलेरिया विभाग के द्वारा शहर के सभी 49 वार्डों में लगातार हर घर में दस्तक देकर यह पता लगाया जा रहा है कि कहीं किसी घर में कोई व्यक्ति बीमार तो नहीं है। जिस घर में बीमारी का कोई मरीज मिल रहा है, उससे यह पता करने का टीम प्रयास कर रही है कि आखिर किस कारण से वह बीमारी की चपेट में आया है, विशेष तौर पर सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों पर ध्यान दिया जा रहा है।

## करमदी में मिला मरीज

शहर से लगे ग्राम करमदी में डेंगू का मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा गांव में पहुंचकर सर्वे कार्य की शुरुआत कर दी गई है, साथ ही दवा का छिड़काव भी किया जा रहा है। सर्वे के दौरान कई जगह पानी से भरे पुराने बर्तन खाली करवाए गए। वहीं सात घरों व उनके बाडो रखें ड्रम, टैंक, होद के पानी में मच्छरों का लार्वा मिलने पर उक्त बर्तन खाली करवाए गए।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रखेंगे ध्यान

डेंगू के मच्छर दिन के समय काटते हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा शासकीय दफ्तरों के सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को डेंगू के लार्वा को पहचाने के संबंध में एक प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया जा रहा है। स्टाफ की सुरक्षा का जिम्मा अब इन्हीं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों पर रहेगा। इसी कारण से कार्यालय में जमा होने वाले पानी के अंदर कहीं डेंगू या मलेरिया का लार्वा तो नहीं है, इसकी पहचान करने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## पत्थर खदान में सड़न मार रहा पानी

करमदी में पत्थर की खदान में जमा पानी के सड़न मारने का मामला सामने आने के बाद गांव के जितेन्द्र राव ने जिला मलेरिया अधिकारी प्रमोद प्रजापति से चर्चा की तो उन्होंने जल्द ही मछली डलवाने का आश्वासन दिया। सर्वे में स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर सुरेश पाठक, एमपीडब्ल्यू जगदीश सीनम, एएनएम लक्ष्मी चोधरी, आशा कार्यकर्ता अन्नपुर्णा सोलंकी, सुशीला परमार, राधा निनामा सहित जन अभियान परिषद की करमदी विकास समिति अध्यक्ष जितेन्द्र राव ने गांव के लोगों को सतर्क व सावधानी बरतने को कहा।

डेंगू से निपटने के लिए सर्वे कार्य चल रहा है। सर्वे के दौरान घरों में रखे पानी के बर्तनों की जांच भी की जा रही है और कहीं पर डेंगू का लार्वा नजर आता है तो उस पानी को फेक दिया जाता है जिससे की बीमारी ना पनप सके। शहर में नगर निगम के माध्यम से दवा का छिड़काव कराया जा रहा है और फागिंग मशीन के माध्यम से भी दवा छिड़काव किया जा रहा है। - **डॉ प्रमोद प्रजापति,** जिला मलेरिया अधिकारी, रतलाम

पत्रिका
28/8/21

9

# गंदगी से परेशान रहवासी, अधिकारी नहीं दे रहे जनसमस्या पर ध्यान

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क** 28-8-21



स्वच्छ भारत अभियान के नाम पर निगम के अधिकारी सिर्फ लीपापोती कर रहे है, लेकिन हकीकत में शहरवासी गंदगी से जुझ रहे है, वर्तमान में डेंगू का प्रकोप पूरे जिले में है और इससे बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग सर्वे कर रहा है।

रतलाम शहर के वार्ड ४९ में सुभाष मार्ग और ब्राह्णों के वास स्थित गली में गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ कागजो पर स्वच्छ भारत अभियान चलाकर खानापूर्ति कर रहे है। निगम के सफाई कर्मचारियों द्वारा सड़क एवं नालियों का गंदा कचरा उठाकर गली में डाल दिया जाता है और कई दिनों तक नही उठाया जाता है जिससे क्षेत्र में बदबू और गंदगी से नागरिक परेशान हो रहे है। वही गंदगी की शिकायत क्षेत्रवासियों ने कई बार निगम के अधिकारियों को भी कर दी है, लेकिन अधिकारियों द्वारा इस और कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के नाम पर निगम के अधिकारी कागजों पर सफाई करवा रहे हैं।

28/8/21

(13)

# भूखण्ड निर्माण की अनुमति देने की मांग मुख्यमंत्री से की

रतलाम ● जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता शेरू पठान ने मुख्यमंत्री को रतलाम प्रवास के दौरान ज्ञापन देते हुए भूखण्ड के भाग (टुकड़े) पर निर्माण की अनुमति नगर निगम द्वारा नहीं दिए जाने की शिकायत की। श्री पठान ने ज्ञापन में बताया कि यदि कोई भूखण्ड का भाग क्रय कर उस पर नगर निगम से निर्माण की अनुमति लेना चाहता है तो उसे इंकार कर दिया जाता है और कहा जाता है कि भूखण्ड पर निर्माण की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने बताया कि 2015 से शासन के आदेशानुसार भवन निर्माण की अनुमति ऑनलाइन दी जा रही है। संबंधित भूखण्ड के भाग वाले नागरिकों को यह कहा जा रहा है कि शासन द्वारा जो सॉफ्टवेयर बनाया गया है उसमें भूखण्ड के भाग की निर्माण की अनुमति दिए जाने का प्रावधान नहीं है। उन्होंने बताया कि नगर में कई ऐसे नागरिक है जिन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति के अनुरूप भूखण्ड के भाग क्रय किए है और उन पर निर्माण करना चाहते है, किन्तु यह समस्या उत्पन्न होने से लोगों को परेशानी हो रही है। निगम द्वारा अनुमति न मिलने से भी लोगों में आक्रोश है। भूखंड के भाग पर निर्माण की अनुमति प्राप्त हो इसके संबंधित विभाग को आदेश दिए जाए।

स्वदेश 28/8/21

# अनुमति नहीं दे रहा नगर निगम

रतलाम, नप्र। रतलाम में नगर निगम से लोगों को भूखंड के भाग पर काम की अनुमति नहीं मिल रही है।

इस संबंध में कांग्रेस के शेरू पठान, राकेश आचार्य, लाला भाई जाट आदि ने चेतक ब्रिज सैलाना बस स्टैंड पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया गया कि नगर की बैध कॉलोनी में यदि कोई मध्यमवर्गीय परिवार किसी भूखंड का भाग खरीदता हैं और उस भाग पर काम करने की अनुमति लेने निगम दफ्तर जाता हैं तो उसे अनुमति देने से इंकार कर दिया जाता हैं कि भूखंड का भाग होने पर निर्माण अनुमति नहीं दी जा सकती है। लोगों से कहा जा रहा कि शासन ने जो सॉफ्टवेयर बनाया है उसमें भूखंड के भाग की निर्माण की अनुमति देने का कोई सिस्टम नहीं है। जबकि नगर में कई ऐसे नागरिक हैं जिन्होंने आर्थिक स्थिति के अनुरूप भूखंड के टूकड़े की खरीदी की है। इतना ही नहीं रतलाम नगर निगम में भूखंड के भाग की रजिस्ट्री होने के बावजूद नामांतरण भी नहीं किया जा रहा है।

प्रभात किरण 28/8/21

(6)

कार्रवाई

# नगर निगम आयुक्त ने बदल दिए शहर के चार जोन प्रभारी



**शहर स्वच्छ तो हम स्वस्थ**

## स्वच्छता में बेहतरी नहीं दिखी तो और होगा परिवर्तन

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com 28-8-21

**रतलाम.** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के शहर आने के दौरान गुरुवार को विभिन्न स्थान पर गंदगी मिलने पर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी की वेतन वृद्धि रोकने सहित अन्य को निलंबन आदि की कार्रवाई की थी। अब शुक्रवार को जोन प्रभारियों के क्षेत्र में बड़ा बदलाव कर दिया है।

निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि प्रतिदिन किए जा रहे निरीक्षण के बाद सफाई व्यवस्था में बदलाव तो नजर आ रहा है, लेकिन यह संतोषजनक नहीं है। इसलिए ही निरीक्षण व इसके बाद कमी पाए जाने पर विभिन्न तरह के दंड शामिल किए गए है। अब जोन प्रभारी बदल डाले गए है। पूर्व में ही निगम आयुक्त झारिया ने स्वास्थ्य विभाग प्रभारी एपीसिंह को जोन से हटाया था व फिर से बड़ा बदलाव कर दिया है।

### बदलाव जरूरी है

शहर को स्वच्छता मे नंबर एक पर लाने के लिए कई तरह के उपाय किए जा रहे है। जोन में बदलाव भी इसी कड़ी का एक हिस्सा है।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

### इस तरह हुआ है बदलाव

| नाम | पूर्व का जोन | नया किया गया जोन |
|---|---|---|
| पर्वत हाड़े | जोन नंबर 2 | जोन नंबर 1 |
| किरण चौहान | जोन नंबर 4 | जोन नंबर 2 |
| विनयसिंह चौहान | जोन नंबर 1 | जोन नंबर 3 |
| विराट मेहरा | जोन नंबर 3 | जोन नंबर 4 |

पत्रिका 28/8/21

## निगम के झोन प्रभारियों के दायित्व में परिवर्तन

रतलाम ● आयुक्त नगर निगम सोमनाथ झारिया ने कार्यव्यवस्था एवं प्रशासकीय सुविधा की दृष्टि से झोन प्रभारियों के दायित्व में परिवर्तन किया है। श्री झारिया ने बताया कि उप स्वच्छता पर्यवेक्षक विनयसिंह चौहान को अब झोन क्रमांक 1 की बजाय झोन क्र.3 का प्रभारी बनाया है। पर्वत हाड़े को झोन क्र. 2 के स्थान पर झोन क्र. 1 का प्रभारी बनाया है। विराट मेहरा उप स्वच्छता निरीक्षक को झोन क्र. 3 की बजाए झोन क्र.4 तथा किरण चौहान को झोन क्र.4 की बजाए झोन क्र. 2 का प्रभारी बनाया है। स्वदेश 28-8-21

स्वदेश 28/8/21

दैनिक भास्कर, शनिवार, 28 अगस्त, 2021

**प्रॉपर्टी बाजार पर असर** • एक साल में किसी भी कॉलोनी को नहीं मिली रेरा की अनुमति, बिल्डर को समय पर नहीं दी राशि तो देना होगा ब्याज

# रेरा के सर्टिफिकेट नहीं मिलने से शहर के 15 प्रोजेक्ट रुके

## रेरा के नियम सिर्फ बिल्डर और जनता के लिए, खुद के लिए नहीं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रेरा के नियम सिर्फ बिल्डर और जनता के लिए हैं लेकिन खुद के लिए नहीं हैं। चार साल पहले प्रभावी हुए रियल एस्टेट रेगुलेशन एक्ट (रेरा) में स्पष्ट लिखा है कि बिल्डर को किसी भी स्थिति में समय पर काम पूरा कर देना होगा। यदि बिल्डर समय पर काम पूरा नहीं करते हैं तो उसे 11 फीसदी दर से ग्राहकों को ब्याज अदा करना होगा। वहीं बिल्डर द्वारा काटी गई कॉलोनियों में प्लॉट या मकान बुकिंग करने पर ग्राहकों को भी समय पर बिल्डर को राशि का भुगतान करना पड़ेगा। ऐसा नहीं करने पर बिल्डर भी ग्राहकों से ब्याज वसूल सकेंगे। ये तो रही रेरा द्वारा बिल्डर और जनता के लिए बनाए गए कानून की। लेकिन रेरा के ये नियम बिल्डर और ग्राहकों पर ही लागू होते हैं। रेरा पर नहीं तभी तो एक साल में रेरा से एक भी कॉलोनी को अनुमति नहीं मिल पाई है। इससे 15 प्रोजेक्ट अटक गए हैं। वहीं इसका असर ठेकेदार व लेबर पर हो रहा है और उन्हें भी काम नहीं मिल पा रहा है। कोरोना से लंबे समय बाद उबरे प्रॉपर्टी बाजार में फिर मंदी छाने लगी है। रेरा की अनुमति से प्रॉपर्टी बाजार में बूम आ सकता है।

## मंज़ूरी ने थामा : सागोद रोड पर हाउसिंग बोर्ड की 514 प्लॉट और मकान की कॉलोनी को भी रेरा ने रोका

**रेरा की वजह से इस तरह थम गए शहर के प्रोजेक्ट**

**03** बरबड़ व ऊंकाला रोड पर रुके दो प्रोजेक्ट

**10 हेक्टे.** में हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी रुकी

**5000** प्लॉट सभी प्रोजेक्ट के अटके

**11%** ब्याज चुकाने को मजबूर बिल्डर

**रेरा : कहां-कितनी कॉलोनियां अटकी**

| | |
|---|---|
| सागोद रोड | 02 |
| उकाला रोड | 03 |
| करमदी | 02 |
| त्रिवेणी रोड | 02 |
| प्रताप नगर | 01 |
| बरबड़ रोड | 03 |
| हरमाला रोड | 02 |

सरकारी कॉलोनी भी अटकी

**कोरोना से उबरने के बाद अब रेरा की अनुमति नहीं मिलने से प्रॉपर्टी बाजार में मंदी का डर**

### रेरा की अनुमति नहीं मिलने से ये हो रहा असर

1. जिन लोगों ने प्लॉट बुक कर लिए हैं उनकी रजिस्ट्रियां नहीं हो रही।
2. कॉलोनी रेरा से अप्रूवड नहीं होने से नगर निगम को हैंडओवर नहीं हो रही।
3. कई बिल्डरों ने ब्याज पर राशि उठा रखी है। रेरा की अनुमति नहीं मिलने से वे रजिस्ट्री नहीं करा पा रहे हैं। इससे बुकिंग के बाद की राशि नहीं मिल रही है। रुपए अटक गए हैं।
4. इन सभी कॉलोनियों में 5 हजार से ज्यादा प्लॉट हैं। इससे बुकिंग के बाद इनकी रजिस्ट्रियां अटक गई हैं व सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

प्राइवेट के साथ ही सागोद रोड पर 10 हेक्टेयर में प्रस्तावित हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी भी अटक गई है। जबकि 8 महीने पहले ही बोर्ड ने पूरी कॉलोनी की रूपरेखा बनाकर तैयार कर रखी है। अब बस रेरा की अनुमति का इंतजार है। बोर्ड की यह कॉलोनी गंगासागर की कॉलोनी के बराबर ही है। इसमें 514 प्लॉट और मकान रहेंगे। बोर्ड यहां लोगों को डुप्लेक्स बनाकर देगा। बोर्ड की प्लानिंग डेढ़ साल में मकान बनाकर देने की थी लेकिन 8 महीने तो रेरा अप्रूवल के इंतजार में ही गुजर गए हैं।

**ऐसे कानून से क्या लाभ**

कॉलोनाइजर महेंद्र गादिया ने बताया कि कॉलोनियों को रेरा की अनुमति नहीं मिलने से प्रॉपर्टी बाजार पर बुरा असर हो रहा है। ठेकेदार, लेबर को भी काम नहीं मिल पा रहा है। सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। इससे तो इस कानून के पहले की स्थिति अच्छी थी। रतलाम जिला प्रॉपर्टी एसोसिएशन के सचिव राजकमल जैन ने बताया कि कॉलोनियां पूरी तरह से कम्प्लीट हैं। इसके बाद भी रेरा की अनुमति नहीं मिल रही है।

**एक सब रजिस्ट्रार के भरोसे रजिस्ट्रियां** - रजिस्ट्रार विभाग में कर्मचारियों की कमी है। यहां तीन सब रजिस्ट्रार की पोस्ट है लेकिन दो की ही पोस्टिंग है। शुक्रवार को विभाग में एक ही सब रजिस्ट्रार थे। वहीं मेकर भी एक ही था। इससे एक रजिस्ट्री के लिए लोगों को डेढ़ से दो घंटे का इंतजार करना पड़ा। बावजूद विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

भास्कर
28/8/21

(2)

## कलेक्टर आज सुनेंगे नागरिकों की शिकायत

रतलाम। कलेक्टर और प्रशासक नगर निगम कुमार पुरूषोत्तम नागरिकों की नगर निगम से संबंधित शिकायतें 28 अगस्त को शाम चार से पांच बजे तक निगम सभागृह में सुनेंगे। वे शिकायतों का निराकरण भी करवाएंगे।

नईदुनिया 28/8/21

## निगम में आज सुनवाई नहीं

रतलाम, नप्र। नगरवासियों की सुविधा के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने हर शनिवार को नगर निगम में बैठकर लोगों की समस्याओं को जानने की शुरुआत की। पिछले शनिवार को कलेक्टर ने निगम में पहुंचकर लोगों की शिकायतों को सूना भी था। लेकिन इस बार शनिवार को कलेक्टर नगर निगम पहुंचे।

वजह बताई जा रही है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों के खाते में राशि वितरण करेंगे। इसके लिए होने वाले कार्यक्रम के कारण नगर निगम रतलाम में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा लेकिन आगामी शनिवार को आयोजित किया जाएगा।

प्र. किरण 28/8/21

2 नईदुनिया
इंदौर, शनिवार 28 अगस्त, 2021

**न्यूज गैलरी**

### नगर निगम में आज नहीं होगा जन शिकायत निवारण

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के खाते में राशि वितरण कार्यक्रम के कारण 28 अगस्त को कलेक्टर कुमार पुरुषोतम द्वारा नगर निगम रतलाम में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा, लेकिन आगामी शनिवार को आयोजित किया जाएगा।

नईदुनिया
28/8/21

(17)



# वैक्सीनेशन महाअभियान में सजाया गया आदर्श सेंटर, मुख्यमंत्री जी ने की कार्य की प्रशंसा

रतलाम। नगर में वैक्सीनेशन महाअभियान के अंतर्गत लायंस हॉल में मीनू श्री इवेंट ऑर्गेनाइजर के सुशील मीनू
माथुर द्वारा आदर्श वैक्सीनेशन सेंटर बनाया गया जिसमें टीकाकरण कराने वाले सभी अतिथियों की सुविधाओं को ध्यान
में रखते हुए हॉल को सजाया गया श्री सुशील ने बताया कि वैश्विक महामारी के चलते लोग सर्जक नहीं हुए हैं लोगों के प्रति
आकर्षक बड़े ताकि यहां के लोग अधिक से अधिक वैक्सीनेशन करा सके माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी
चौहान और प्रभारी मंत्री भदोरिया जी ने टीम के सदस्य सुशील मीनू माथुर, आशीष माथुर, सुयश माथुर, और शिवम
माथुर को सफल कार्य की बधाई दी और हौसला बढ़ाया कार्यक्रम को सफल बनाने में रतलाम जिला प्रशासन
कलेक्टर, पुलिस कप्तान, तहसीलदार गोपाल सोनी जी का दिशा निर्देशन रहा !! पूर्व में भी समाजसेवी सुशील माथुर तो
देश का सबसे सुंदर पोलिंग बूथ बना चुके हैं और उन्हें सरकार द्वारा सम्मानित भी किया गया इस को रोना काल में उन्होंने
स्वयं 6-7 कोरोना से मृत्यु हुए लोगों का दाह संस्कार करवाया और बहुत से परिवारों की मदद की। प्रसारण

प्रसारण 28/8/21



## मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के हाथों सम्मानित हुए वैक्सीनेशन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले

व्यक्तियों को सम्मानित किया जिन्होंने रतलाम जिले में
रतलाम । मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने गुरुवार को रतलाम भ्रमण के दौरान
वैक्सीनेशन अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य किया है। स्थानीय बरबड विधायक सभागृह पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रतलाम
के श्री गोविंद काकानी, रॉबिनहुड मिशन, श्री सोमेश पालीवाल, श्री लोकेश वैष्णव, श्रीमती वंदना गुर्जर, रतलाम ग्रामीण की श्रीमती साधना समरथ
पाटीदार, डेलनपुर के श्री दशरथ भाटी, जावरा केश्री पवन सोनी, ढोढर की श्रीमती ममता, ग्राम भूतड़ा के श्री भरत मालवीय, ग्राम रियावन की
श्रीमती संतोष सुरेश धाकड़, आलोट के श्री वरदीचंद पाटीदार, ग्राम पंचायत डाबरिया की श्रीमती मुन्नीबाई, आलोट के श्री अनिल चोपड़ा तथा
भीलो की खेड़ी सैलाना की श्रीमती कंचनबाई कटारा को शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया, उनकी सेवाओं की सराहना की।

5

## गंदगी फैलाने पर चार लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार



स्वास्थ्य अधिकारी व जोन प्रभारी द्वारा खुले में गंदगी करने पर अरशद राम मंदिर से 2000, वीर, बलराज, अशोक राम मंदिर से 250-250 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई। कार्रवाई स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी विनय चौहान द्वारा की गई।

नईदुनिया 28/8/21

## खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 26 अगस्त को 4 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारी द्वारा खुले में गंदगी करने पर वैभव जैन नाहरपुरा पर 2500, श्रवण कुमार-भवंरसिंह महू रोड पर 500, राकेश व लोकेन्द्र माली दो बत्ती पर 250-250 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े द्वारा की गई।

इन्दौर समाचार 28/8/21

## गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 26 अगस्त को 4 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारी द्वारा खुले में गंदगी करने पर वैभव जैन नाहपुरा पर 2500, श्रवण कुमार-भवंरसिंह महू रोड़ पर 500, राकेश व लोकेन्द्र माली दो बत्ती पर 250-250 रूपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी पर्वत हड़े द्वारा की गई।

प्रसारण
28/8/21

(11)

# मास्टर प्लान की आपत्तियों पर सुनवाई 18 व 19 सितंबर को

**रतलाम।** शहर के मास्टर प्लान 2035 के प्रारूप पर आपत्तियों की सुनवाई सितंबर माह की 18 व 19 तारीख को होगी। कुल 298 आपत्तियां विभाग को मिली हैं। नगर व ग्राम निवेश विभाग द्वारा सभी को सूचना पत्र जारी किए जाएंगे। सुनवाई के बाद निराकरण की टीप सहित प्रस्ताव भोपाल मुख्यालय भेजे जाएंगे।

शुक्रवार को मास्टर प्लान को लेकर बनी समिति की बैठक शहर विधायक चेतन्य काश्यप, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थित में हुई। बैठक में आपत्तियों, सुझाव के संबंध में जानकारी दी गई। इसके बाद सुनवाई की तारीख तय की गई। मालूम हो कि छह फरवरी 2021 को प्लान का प्रारूप जारी होने के बाद सात मार्च 2021 तक 277 आपत्तियां आई थी। इनके निराकरण के लिए 24 अप्रैल से सुनवाई होना थी, लेकिन लाकडाउन के कारण सुनवाई नहीं हो पाई। नगर व ग्राम निवेश विभाग ने इसके चलते 12 जुलाई को दोबारा प्रारूप प्रकाशन क 30 दिन की अवधि में मास्टर प्लान पर आपत्ति, सुझाव मांगे थे। नगर व ग्राम निवेश विभाग के सहायक संचालक जीएल वर्मा ने बताया कि सुनवाई के लिए नियमानुसार प्रक्रिया पूरी की जाएगी। नईदुनिया

नईदुनिया
28/8/21

(8)

# आज शाम प्रशासक व आयुक्त करेंगे चर्चा

रतलाम. नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से शनिवार शाम को 5 बजे प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम व आयुक्त सोमनाथ झारिया चर्चा करेंगे। कर्मचारियों के संगठन ने शुक्रवार को ज्ञापन देकर 24 घंटे में समस्या समाधान या शनिवार से हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी। असल में चर्चा तो शुक्रवार को ही हो जाती, लेकिन संघर्ष समिति के पदाधिकारी इस बात पर अड़े हुए हैं कि अब जो भी बात हो, निगम प्रशासक व कलेक्टर कुमार के सामने ही हो। पूर्व में भी बात हुई, भरोसा दिया गया, लेकिन समाधान अब तक नहीं हुआ। इसलिए अब प्रशासक के सामने ही चर्चा चाहते है। बता दे की प्रशासक शनिवार को शाम 5 बजे से 6 बजे तक आमजन से मिलकर उनकी समस्याएं सुनेंगे व इसके बाद संघर्ष समिति सदस्यों से चर्चा की जाएगी। पत्रिका

पत्रिका
28/8/21

(18)



# अवैध कॉलोनियों में निवासरत रहवासियों द्वारा मुख्यमंत्री श्री चौहान व विधायक काश्यप का अभिनंदन

28-8-21

**स्वतंत्र एलान रिपोर्टर**

रतलाम । अवैध कॉलोनी में निवासरत रहवासियों द्वारा विधायक सभागृह में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान एवं विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया गया। मुखर्जी मण्डल अध्यक्ष मयुर पुरोहित के नेतृत्व में पूर्व पार्षद सीमा टांक एवं रहवासियों ने अवैध कॉलोनी के वैधकरण की पुनः शुरूआत करने एवं संशोधित कानून पास करने पर मुख्यमंत्री श्री चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया।

त्रिमूर्ति नगर, जीत नगर, जनता नगर, महेश नगर, निराला नगर, कोमल नगर सहित पटरी पार क्षेत्र की अन्य कॉलोनी के रहवासियों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान एवं विधायक श्री काश्यप का 51 किलो वजनी हार पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष श्री पुरोहित ने बताया कि पूर्व शासन काल में विधायक श्री काश्यप के नेतृत्व में रतलाम में ही अवैध कॉलोनियों को वैध करने की शुरूआत हुई थी। कांग्रेस शासन काल में हाईकोर्ट के आदेश से यह प्रक्रिया बाद रूक गई थी। भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा संशोधित कानून पास कर पुनः इस प्रक्रिया को आरंभ करने की पहल की गई है। इससे रतलाम सहित पूरे प्रदेश की अवैध कॉलोनियों में निवासरत हजारों परिवारों को कई लाभ मिलेंगे।

अभिनंदन के दौरान कॉलोनीवासी वैभव उपाध्याय, विजय पाटीदार, भीमराज नागर, विक्रम गोस्वामी, अमृत चौरसिया, प्रकाश व्यास, राधेश्याम पाटीदार, मुकेश, रिंकू यादव, बंटी जाट, बंटी पांचाल, किशनसिंह तंवर, आरएस केसरी, मंगलसिंह पंवार, रामबाबू यादव, अर्चना पालीवाल, सरोज सोलंकी, कमल व्यास, पुष्पा शाह आदि मौजूद रहे।

स्वतंत्र एलान
28/8/2021

7

# एक-एक वेतन वृद्धि रोकी

प्रसारण न्यूज • रतलाम

28-8-21

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था सही नहीं पाए जाने व कार्य में लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह व झोन प्रभारी की एक-एक वेतन वृद्धि तत्काल प्रभाव से रोकी, इसके अलावा वार्ड प्रभारी रवि चनाल को निलंबित किया।

निगम आयुक्त झारिया द्वारा निरीक्षण के दौरान पावर हाउस रोड, जावरा रोड, फव्वारा चौक, महू रोड पर प्रातः 10:30 बजे तक गंदगी के ढेर, नालियां गंदगी से भरी हुई एवं कचरा यहां-वहां फैला हुआ पाए जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह व झोन प्रभारी की एक-एक वेतन वृद्धि तत्काल प्रभाव से रोकी व वार्ड प्रभारी रवि चनाल को निलंबित किया।

प्रसारण 28/8/21

# स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारी की एक-एक वेतन वृद्धि रोकी

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था सही नहीं पाये जाने व कार्य में लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह व झोन प्रभारी की एक-एक वेतन वृद्धि तत्काल प्रभाव से रोकी इसके अलावा वार्ड प्रभारी रवि चनाल को निलंबित किया। निगम आयुक्त झारिया द्वारा निरीक्षण के दौरान पावर हाउस रोड, जावरा रोड, फव्वारा चौक, महू रोड पर प्रात: 10:30 बजे तक गंदगी के ढेर, नालियां गंदगी से भरी हुई एवं कचरा यहां-वहां फैला हुआ पाये जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह व झोन प्रभारी की एक-एक वेतन वृद्धि तत्काल प्रभाव से रोकी व वार्ड प्रभारी रवि चनाल को निलंबित किया। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान सैलाना रोड पर सड़क के दोनो तरफ प्रात: 10:30 बजे तक गंदगी पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने ऋषिमोहन व अर्जुन गौसर को वार्ड प्रभारी के कार्य से हटाकर सफाई कार्य हेतु पदस्थ किया। 28/8/21

इन्दौर समाचार 28/8/21

# स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारी की एक-एक वेतन वृद्धि रोकी, वार्ड प्रभारी निलंबित

रतलाम ● निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था सही नहीं पाए जाने व कार्य में लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह व झोन प्रभारी की एक-एक वेतन वृद्धि तत्काल प्रभाव से रोकी इसके अलावा वार्ड प्रभारी रवि चनाल को निलंबित किया। श्री झारिया द्वारा निरीक्षण के दौरान पावर हाउस रोड, जावरा रोड, फव्वारा चौक, महू रोड पर प्रात: 10.30 बजे तक गंदगी के ढेर, नालियां गंदगी से भरी हुई एवं कचरा यहां-वहां फैला हुआ पाए जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह व झोन प्रभारी की एक-एक वेतन वृद्धि तत्काल प्रभाव से रोकी व वार्ड प्रभारी रवि चनाल को निलंबित किया। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान सैलाना रोड पर सड़क के दोनों तरफ प्रात: 10.30 बजे तक गंदगी पाए जाने पर निगम आयुक्त ने ऋषिमोहन व अर्जुन गौसर को वार्ड प्रभारी के कार्य से हटाकर सफाई कार्य हेतु पदस्थ किया।

28/8/21

स्वदेश
28/8/21

(12)

नईदुनिया
इंदौर, शनिवार 28 अगस्त, 2021



# अल्कोहल प्लांट की जमीन पर इंडस्ट्रियल पार्क

## टेंडर जारी ● 16.60 करोड़ रुपये से बुनियादी सुविधाओं के इंतजाम होंगे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन (एमपीआइडीसी) ने औद्योगिक क्षेत्र में बंद पड़े अल्कोहल प्लांट की 19.84 हेक्टेयर भूमि पर इंडस्ट्रियल पार्क के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। सबकुछ ठीक रहा तो टेंडर में सफल फर्म को अक्टूबर तक वर्क आर्डर जारी हो सकता है। निर्माण के बाद फर्म को पांच साल तक संधारण व संचालन भी करना पड़ेगा।

मालूम हो कि नए उद्योगों की स्थापना के लिए अल्कोहल प्लांट की भूमि देने के लिए करीब सात साल तक प्रक्रिया चली। कभी पार्किंग के प्रविधान से तो कभी फ्लैटेड इंडस्ट्रीज के प्रस्ताव पर बात बनती-बिगड़ती रही। लैंड यूज बदलने के लिए भोपाल तक प्रस्ताव गए और लंबी प्रक्रिया के बाद स्वीकृति मिली। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने नए सिरे से प्रोजेक्ट तय करवाकर बंद पड़े अल्कोहल प्लांट की भूमि एमपीआइडीसी को हैंडओवर करवाई। दिसंबर 2020 से जनवरी 2021 के बीच नए औद्योगिक क्षेत्र में भूखंड के लिए बुकिंग भी की गई।

### नक्शे में बदलाव, अब 112 उद्योगों की जमीन

पहले नए औद्योगिक क्षेत्र में 160 भूखंड विकसित किए जाने की तैयारी थी। इसमें पांच, दस व बीस हजार वर्गफीट के भूखंड थे। अब कुछ बदलाव कर भूखंडों का क्षेत्रफल बढ़ाया गया है। इससे संख्या घटकर 112 हो गई है। दरअसल बड़े उद्योगों के लिए जमीन ज्यादा लगने के चलते बदलाव किया गया है। प्लास्टिक पैकेजिंग, पाइप, रस्सी के अतिरिक्त अगरबत्ती निर्माण, कृषि उपकरण, आटा, दाल मिल सहित अन्य कई तरह के उद्योग यहां लगाए जा सकेंगे।

### रोड, लाइट सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी

नए औद्योगिक क्षेत्र में मुख्य मार्ग की चौड़ाई 60 से 70 फीट जबकि आंतरिक मार्ग 25 से 40 फीट चौड़े रहेंगे। ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट, पानी की टंकी आदि बनाई जाएगी। एमपीआइडीसी ने इसके लिए कुल 16.60 करोड़ रुपये का प्रविधान टेंडर में किया है। इस मान से वर्ष 2023 की शुरुआत में औद्योगिक क्षेत्र बनकर तैयार हो जाएगा। टेंडर में न्यूनतम दर वाली फर्म को 15 महीने में काम पूरा करना होगा। इस शर्त के चलते प्रारंभिक स्तर से ही सभी निर्माण व सुविधाओं में गुणवत्ता का विशेष ध्यान फर्म को रखना होगा।

> नए औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग लगने से रोजगार के साथ आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी। समय पर काम पूरा हो जाए, इसके लिए लगातार मानीटरिंग कर रहे हैं।
> **-चेतन्य काश्यप, विधायक**

> अल्कोहल प्लांट की भूमि पर नए औद्योगिक क्षेत्र के इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर टेंडर प्रक्रिया चल रही है। इसमें एक माह का समय लग सकता है।
> **-एसके जैन, एक्सीक्यूटिव इंजीनियर, एमपीआइडीसी इंदौर**

नईदुनिया 28/8/21

(14)

# जिला अस्पताल में बढ़ने लगे मरीज, बच्चे भी प्रभावित

## तीन हजार से ज्यादा मरीज आ रहे रोज, 27 दिन में 84668 का उपचार



रतलाम के बाल चिकित्सालय में भर्ती बच्चे। ●नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। डेंगू, वायरल सहित अन्य बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। जिला अस्पताल के साथ ही निजी क्लीनिकों पर भी मरीजों की भीड़ लग रही है। जिला अस्पताल में अगस्त के 27 दिनों में कुल 84668 मरीज उपचार के लिए पहुंचे। औसतन 3135 मरीज प्रतिदिन इलाज कराने आ रहे हैं। खास बात यह है कि इसमें 7222 बच्चों को अलग-अलग बीमारियों के चलते उपचार दिया गया। चालू मौसम में डेंगू के बढ़ते मामलों में बच्चे भी अछूते नहीं हैं। एसएनसीयू, बाल चिकित्सालय में इनका उपचार किया जा रहा है।

मालूम हो कि जिले में इस बार डेंगू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को भी 19 सैंपलों की जांच में एक ग्राम बांगरोद से एक नया मरीज मिला और कुल मरीजों की संख्या 181 हो गई। शासकीय आंकड़ों के विपरीत निजी अस्पतालों में उपचार करा रहे मरीजों की संख्या अधिक है। गंभीर हालात के चलते शुक्रवार से स्वास्थ्य विभाग ने शहर व जिले में सघन सर्वे शुरू कर दिया। इसमें लार्वा नष्ट कराने के साथ ही डेंगू के मरीजों की पहचान भी की जा रही है। जिला अस्पताल के वार्ड फुल होने से मरीजों को जमीन पर लेटाकर उपचार देना पड़ रहा है।

**चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दी लार्वा नष्ट करने की ट्रेनिंग :** डेंगू को लेकर केंद्रीय परिवार कल्याण विभाग



पानी से भरे कंटेनरों में डेंगू के लार्वा की जांच करती हुई स्वास्थ्य विभाग की टीम।

के प्रवीण तिवारी ने शुक्रवार को जिला मलेरिया अधिकारी डा प्रमोद प्रजापति के साथ ग्राम पल्दूना व शहरी क्षेत्र का निरीक्षण किया। पल्दूना में पूर्व में डेंगू के मामले अधिक आए थे। तिवारी ने यहां सर्विलेंस कार्य की मानीटरिंग की इसके बाद मलेरिया विभाग के एंटी लारवा टीम को मलेरिया के लारवा सर्वे फागिंग एवं छिड़काव के लिए टेक्नीकल गाइडलाइन व प्रशिक्षण दिया। बैठक के दौरान सभी विभागों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को

लारवा को पहचानने व नष्ट करने के उपायों, रोकथाम की जानकारी भी दी गई। रतलाम शहर के वार्डों में पाए गए डेंगू पाजिटिव केस वाले क्षेत्र में जाकर मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे में चर्चा की गई। बाजना में आशाओं की रैली के माध्यम से मलेरिया डेंगू से बचाव संबंधी जन जागरूकता एवं मच्छरदानी की उपयोगिता को बढ़ावा देने के लिए प्रचार प्रसार किया गया।

नईदुनिया
28/8/21

# डेंगू : 48 घंटे में 5 पॉजिटिव, टीम पहुंची, फीवर सर्वे भी शुरू

### अब तक डेंगू के 180 पॉजिटिव सामने आए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

28-8-21

हमारे जिले में डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पिछले 48 घंटे में 5 पॉजिटिव मिले हैं वहीं पिछले 24 घंटे में सिर्फ 1 संक्रमित ही सामने आया है। इधर शहर में फीवर सर्वे भी शुरू हो गया है। इसमें घर-घर टीम जाकर डेंगू या बुखार के मरीजों को ढूंढेगी। जिले में 180 डेंगू के पॉजिटिव सामने आ चुके हैं।

केंद्रीय परिवार कल्याण विभाग के कीट वैज्ञानिक प्रवीण तिवारी भी शुक्रवार को शहर में ही रहे। शहर में हो रहे सर्वे की मॉनिटरिंग के साथ ही टेक्निकल ट्रेनिंग भी दी। इसमें लार्वा को नष्ट करने के तरीके सहित अन्य इंतजाम पर चर्चा की गई है। मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया ग्रामीण अंचल में डेंगू के लार्वा को पनपने से रोकने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसे लेकर निरीक्षण भी हुए हैं। इधर, शहर में सरकारी कार्यालयों में काम करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी है। उन्हें लार्वा को पहचानने के बारे में बताया है।

भास्कर
28/8/21

(3)

# गोगा नवमी के पहले सफाई संरक्षकों को 54.36 लाख का भुगतान

रतलाम। गोगा नवमी पर्व के पूर्व निगम के सफाई संरक्षकों को वेतन अग्रिम पेटे व त्योहार अग्रिम राशि का भुगतान किए जाने की सफाई कर्मचारी यूनियनों की मांग पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने 54.36 लाख की राशि का भुगतान किया। इससे कर्मचारियों में हर्ष है। निगम आयुक्त ने 151 स्थायी सफाई संरक्षक व 170 विनियमित (स्थायीकर्मी) सफाई संरक्षकों को 5000-5000 की राशि वेतन अग्रिम व 1000-1000 त्योहार अग्रिम तथा 198 गैंग सफाई संरक्षक, 92 मैजिक हेल्पर, 412 बदली सफाई संरक्षकों को 5000-5000 की राशि वेतन अग्रिम के रूप में भुगतान की। इस तरह 1023 कर्मचारियों को कुल 54.36 लाख की राशि का भुगतान किया गया।

नईदुनिया
28/8/21

(16)

# रतलाम ने बनाया रिकॉर्ड, 1 लाख 16 हजार का महाअभियान में किया टीकाकरण

**रतलाम।** प्रदेश में चल रहे वैक्सीनेशन महा अभियान के अंतर्गत रतलाम जिले ने भी रिकॉर्ड कायम कर प्रदेश में अपना मुकाम बनाया है। जिले में एक लाख के लक्ष्य के विरुद्ध एक लाख 16 हजार लोगो को टीका लगाया गया। अभियान के 2 दिनों में पहले दिन 68 हजार लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया था। वही अभियान के दूसरे दिन लोगों को 48 हजार टीके लगाए गए। 30/21

दै. प्र. टाइम्स 28/8/21

# रतलाम: सीएम की बधाई, अब 30 सितंबर का लक्ष्य अगली ऊंचाई

| पहला डोज | दूसरा डोज |
| --- | --- |
| 69 प्रतिशत | 19 प्रतिशत |

पत्रिका 28-8-21

रतलाम जिले में अभी 70 प्रतिशत वैक्सीनेशन हुआ है, 30 प्रतिशत शेष बचे हैं। जिले में 7.34 लाख लोगों को प्रथम डोज लग चुका है, जबकि 11 लाख 1 हजार लोगों को प्रथम डोज लगना है। दूसरा डोज 1 लाख 40 हजार लोगों को लगा है। 26 अगस्त को टीकाकरण में शामिल होने आए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने भी जिले को बधाई दी और कहा कि 30 सितंबर तक सभी जिलेवासी पहला डोज लगवा लें। महाअभियान के बाद रतलाम में अब तक 775694 लोगों को पहला और करीब 146014 लोगों को दूसरा डोज लग चुका है। महाअभियान के पहले दिन ही करीब 62 हजार लोगों का टीकाकरण किया गया है। दो दिन में एक लाख के लक्ष्य को भेदने के लिए 205 सेंटर बनाए गए। एक लाख 30 हजार से अधिक लोग पूर्ण सुरक्षा चक्र हासिल कर चुके हैं। जानकारों की माने तो रतलाम जिले में टीकाकरण गति ठीक है, लेकिन दूसरे डोज को बढ़ाना जरूरी है।

पत्रिका 28/8/21

# आज को-वैक्सीन का दूसरा डोज आईएमए हॉल में लगेगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

28-8-21

शनिवार को 57 केंद्रों पर वैक्सीन लगाई जाएगी। शहर के आईएमए हॉल राजेंद्र नगर केंद्र में सिर्फ केवल को वैक्सीन का केवल दूसरा टीका लगाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि कम्युनिटी हॉल अलकापुरी, काश्यप सभागृह सागोद रोड, जमातखाना शेरानीपुरा, डीआरएम ऑफिस दो बत्ती रोड में कोविशील्ड का पहला और दूसरा टीका लगाया जाएगा। न्यू कलेक्टोरेट व रतलाम जेल (दोनों आरक्षित केंद्र) के केंद्रों पर कोविशील्ड का दूसरा डोज लगेगा। बालक हाईस्कूल सैलाना, कुमावत धर्मशाला सैलाना में कोविशील्ड का दूसरा डोज डोज लगेगा।

**यहां भी लगेगी वैक्सीन**

**ग्रामीण :** रणायरा, गुणावत, ढोलका, जडवासाकला, अंबोदिया, झरखेड़ी, राजपुरा, डेरी, सरवनजागीर।

**बाजना :** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोरपाडा, भगसेलोद, देवका, ग्राम सुंद्रेल, बालक छात्रावास रावटी, पोनबट्टा, चीराखादन, जांबु, खादन।

**पिपलौदा :** पंचायत भवन राकोदा, काबुलखेडी, नौलखा, तालिदाना, पिंगराला।

भास्कर
28/8/21

(1)

# आज मुख्यमंत्री करेंगे संवाद

रतलाम. प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान शनिवार को संवाद करेंगे। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया दोपहर 1 बजे बड़बड़ स्थित विधायक सभाग्रह में जिनको पीएम लाभ मिला है संवाद किया जाएगा। पत्रिका

पत्रिका
28/8/21